भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5554

27 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए बजट

†5554. श्री विजय कुमार हाँसदाकः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को आवंटित बजट और जारी की गई धनराशि का वर्षवार और राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के अंतर्गत स्वीकृत 25 उत्कृष्टता केंद्रों की स्थिति क्या है और वित्तीय वर्ष 2021-22 से नामांकित छात्रों की संख्या कितनी है और स्टॉफ के रिक्त पदों का विशेषज्ञतावार, वर्षवार और संस्थानवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एनएमएचपी के कार्यान्वयन की स्थिति का कोई मूल्यांकन किया है या करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) एनएमएचपी के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान आधुनिक बनाए गए राज्य-संचालित मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों का, जिसके अंतर्गत उनमें किया गया उन्नयन और व्यय भी शामिल है, का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। हालांकि, मानसिक विकारों के भार को कम करने के लिए, भारत सरकार देश में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) कार्यान्वित कर रही है। एनएमएचपी के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) घटक को 767 जिलों में लागू करने की मंजूरी दी गई है, जिसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान की जाती है। डीएमएचपी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर पर सभी के लिए, जिनमें बुजुर्ग भी शामिल हैं, उपलब्ध कराई गई सुविधाओं में अन्य बातों के अलावा, बाह्य रोगी सेवाएं, मूल्यांकन, परामर्श/मनोसामाजिक अंत:क्षेप, गंभीर मानसिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों को

निरंतर देखभाल और सहायता, दवाएं, आउटरीच सेवाएं, एम्बुलेंस सेवाएं आदि शामिल हैं। उपरोक्त सेवाओं के अतिरिक्त, जिला स्तर पर 10 बिस्तरों वाली अंतरंग रोगी सुविधा का भी प्रावधान है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 और वित्तीय वर्ष 2025-26 के बीच जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) के तहत आवंटित और उपयोग में लाई गई निधि का वर्षवार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के तहत, मानसिक स्वास्थ्य जनशक्ति विकास में क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 25 उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) को स्वीकृत/सुदृढ़ किया गया है, जिनमें चार विषय अर्थात: मनोचिकित्सा, नैदानिक मनोविज्ञान, मनोरोग सामाजिक कार्य और मनोरोग नर्सिंग शामिल हैं।

25 उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) में कुल 286 स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों की वृद्धि की गई है, जिनमें मनोचिकित्सा में 70 सीटें, नैदानिक मनोविज्ञान में 77 सीटें, मनोरोग सामाजिक कार्य में 85 सीटें और मनोरोग नर्सिंग में 54 सीटें शामिल हैं।

यह मंत्रालय इन सीटों के अधिकतम उपयोग और नियामक निकायों के माध्यम से संकाय की रिक्तियों को भरने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान, इन विषयों में कुल 1,501 छात्रों का नामांकन किया गया था, जिनमें मनोचिकित्सा में 361, नैदानिक मनोविज्ञान में 464, मनोरोग समाज कार्य में 391 और मनोरोग नर्सिंग में 285 छात्र शामिल हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के कार्यान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया है। यह मूल्यांकन नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय द्वारा किया गया। व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) को स्वास्थ्य क्षेत्र और उससे संबंधित केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का व्यापक मूल्यांकन करने का कार्य सौंपा था। डीएमईओ ने सितंबर, 2025 में "स्वास्थ्य क्षेत्र की केंद्र प्रायोजित योजनाओं (पैकेज 07) का मूल्यांकन अध्ययन" प्रकाशित किया।

एनएमएचपी के तहत सहायता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्रों का, वर्षवार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण, तथा उत्कृष्टता केंद्रों को जारी की गई धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

वित्तीय वर्ष **2021-2022** से वित्तीय वर्ष **2024-25** तक गैर-संचारी रोगों के लिए लचीले पूल के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए आवंटित और उपयोग की गई धन राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	25.60	0.41	22.55	0.71	24.20	-	11.15	1.80
2	आंध्र प्रदेश	1184.53	460.01	1395.32	103.13	1,251.20	1,025.50	897.01	661.57
3	अरुणाचल प्रदेश	69.30	67.86	242.00	172.84	229.00	42.33	198.50	44.14
4	असम	367.03	257.48	388.42	214.49	420.94	256.40	475.96	352.63
5	बिहार	628.75	40.79	187.50	18.51	197.75	32.02	274.68	58.25
6	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	-	-	-	-
7	छत्तीसगढ़	602.72	488.49	1063.65	840.62	949.15	524.70	955.93	239.70
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0.54	0.18	15.44	0.24	9.15	0.05	3.00	3.50
9	दिल्ली	0.00	0.54	0.00	0.00	-	-	97.00	-
10	गोवा	47.35	30.09	44.40	32.93	44.40	32.59	44.40	36.28
11	गुजरात	794.74	350.30	834.85	394.45	834.85	798.52	876.96	648.17
12	हरियाणा	174.92	122.67	130.97	62.79	133.47	86.05	157.41	122.63
13	हिमाचल प्रदेश	57.51	2.93	53.00	10.62	39.00	26.18	18.00	9.79
14	जम्मू और कश्मीर	197.50	91.88	145.00	40.45	145.00	38.79	150.50	31.95
15	झारखंड	124.71	122.60	220.74	151.80	215.12	165.32	153.07	124.65
16	कर्नाटक	1165.46	803.08	1713.24	761.14	1,186.75	1,050.57	712.62	618.04
17	केरल	692.90	411.30	872.65	412.91	847.40	349.53	684.40	276.38
18	लद्दाख	21.00	28.31	116.89	138.42	53.50	40.31	63.10	50.55
19	लक्षद्वीप	14.60	1.19	17.03	2.89	17.88	0.67	15.50	5.13
20	मध्य प्रदेश	236.65	221.80	247.54	158.72	317.30	224.11	400.34	251.63

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय	एसपीआईपी अनुमोदन	व्यय
21	महाराष्ट्र	327.75	585.44	992.00	377.68	831.25	356.36	1,105.13	265.95
22	मणिपुर	281.64	50.65	396.04	52.10	366.04	95.65	399.40	186.62
23	मेघालय	213.80	174.98	174.40	87.24	164.16	97.41	179.20	114.77
24	मिजोरम	57.50	22.77	60.30	20.75	63.30	28.96	63.30	11.61
25	नागालैंड	252.47	233.91	161.61	28.56	160.04	45.78	140.92	126.48
26	ओडिशा	474.25	243.21	513.82	336.77	517.00	411.81	386.87	269.11
27	पुदुचेरी	67.09	6.08	52.59	14.22	52.59	23.98	62.10	14.97
28	पंजाब	199.90	49.92	293.00	7.10	293.00	293.00	726.50	1.71
29	राजस्थान	529.49	175.97	402.40	154.50	402.40	220.75	379.28	585.07
30	सिक्किम	103.60	30.96	48.27	25.24	48.27	26.75	48.99	40.09
31	तमिलनाडु	564.26	428.62	1464.70	128.73	2,909.40	373.34	2,654.47	1,741.66
32	तेलंगाना	0.00	0.00	254.75	132.25	238.25	16.59	193.50	193.50
33	त्रिपुरा	66.00	30.89	69.10	33.11	54.40	23.72	53.00	39.89
34	उत्तर प्रदेश	2232.43	240.75	2763.83	1477.41	3,248.08	1,613.03	2,701.02	887.17
35	उत्तराखंड	50.14	71.62	60.90	25.99	56.55	22.02	50.89	21.50
36	पश्चिम बंगाल	464.36	131.14	555.82	236.10	575.14	223.01	428.30	202.19

अनुलग्नक-II

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के अंतर्गत सहायता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) का विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संस्थान का नाम	अनुमोदन का वर्ष	वित्त वर्ष **2023-24** तक जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपये में)	वित्त वर्ष **2024-25** में जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपये में)
1	आंध्र प्रदेश	मेंटल केयर अस्पताल, विशाखापत्तनम	2017-18	10.00	-
2	दिल्ली	आईएचबीएएस, दिल्ली	2010-11	5.28	-
3	दिल्ली	डॉ. आर.एम.एल. अस्पताल, दिल्ली	2016-17	5.93	-
4	गुजरात	मेंटल हेल्थ अस्पताल, अहमदाबाद	2009-10	27.60	0.12
5	गोवा	मनोरोग एवं मानव व्यवहार संस्थान, गोवा	2015-16	17.06	1.89
6	हरियाणा	राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, रोहतक	2009-10	26.36	-
7	हिमाचल प्रदेश	डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज, कांगड़ा	2016-17	27.63	0.67
8	जम्मू एवं कश्मीर	सरकारी मेडिकल कॉलेज मनोरोग अस्पताल, श्रीनगर	2009-10	28.84	-
9	कर्नाटक	धारवाड़ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज संस्थान	2015-16	8.28	-
10	केरल	आईएमएचएएनएस, कोझिकोड	2010-11	30.00	-
11	मध्य प्रदेश	ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर	2015-16	4.75	-
12	मध्य प्रदेश	मानसिक अस्पताल, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर	2015-16	6.00	-
13	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, पुणे	2011-12	30.00	-
14	ओडिशा	एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कटक	2010-11	27.78	2.22
15	चंडीगढ़	सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सेक्टर-32, चंडीगढ़	2010-11	19.75	-
16	पंजाब	मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, अमृतसर	2015-16	4.76	-
17	राजस्थान	एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर	2016-17	12.00	-
18	राजस्थान	एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर	2016-17	6.00	-
19	तेलंगाना	मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, हैदराबाद	2009-10	17.40	-
20	तेलंगाना	काकतीय मेडिकल कॉलेज, वारंगल	2017-18	12.00	-
21	उत्तर प्रदेश	आयुर्विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी	2017-18	26.16	-
22	उत्तर प्रदेश	किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ	2015-16	5.77	-
23	उत्तर प्रदेश	मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं अस्पताल, आगरा	2009-10	28.81	-
24	पश्चिम बंगाल	मनोचिकित्सा संस्थान, कोलकाता	2009-10	24.90	-
25	पश्चिम बंगाल	कलकत्ता राष्ट्रीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोलकाता	2017-18	18.32	-

******